# कूलिंग सेक्टर के लिये UNEP की कार्य योजना

## प्रिलिम्स के लिये:

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP28), ग्लोबल कूलिंग प्लेज, किगाली संशोधन, इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP)

## मेन्स के लिये:

कूलिंग सेक्टर में उत्सर्जन कम करने का महत्त्व, सतत् विकास के लिये ग्रीन कूलिंग रणनीतियाँ, सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप

**स्रोत: डाउन टू अर्थ**

## चर्चा में क्यों?

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम **(United Nations Environment Programme- UNEP)** ने अपनी हालिया रिपोर्ट **"कीपिंग इट चिल: हाउ टू मीट कूलिंग डिमांड्स व्हाइल कटिंग एमिशन्स "** में **वैश्विक कूलिंग सेक्टर से उत्सर्जन को** महत्त्वपूर्ण रूप से कम करने के उद्देश्य से एक कार्य योजना प्रस्तावित की है।

- यह पहल अनुमानित 2050 ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर पर्याप्त प्रभाव डालने की क्षमता रखती है, जिससे उन्हें 60% तक कम किया जा सकता है।
- यह रिपोर्ट **ग्लोबल कूलिंग प्लेज (Global Cooling Pledge)** के समर्थन में जारी की गई है, जो कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP28) तथा **कूल कोएलिशन (Cool Coalition)** के मेज़बान के रूप में संयुक्त अरब अमीरात के बीच एक संयुक्त पहल है।

## नोट:

- कूल कोएलिशन साझेदारों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो सभी के लिये कुशल, जलवायु-अनुकूल शीतलन सुनिश्चित करने के लिये कार्य कर रहा है।
- UNEP ने सतत् विकास लक्ष्यों के लिये 2030 एजेंडा तथा पेरिस समझौते के बीच तालमेल से पहले वैश्विक सम्मेलन में कूल कोएलिशन का शुभारंभ किया।
    - भारत कूल कोएलिशन का सदस्य है।

## सस्टेनेबल कूलिंग हेतु UNEP की प्रस्तावित कार्य योजना क्या है?

- **प्रकृति-आधारित समाधान:**
    - सिफारिशों में **निष्क्रिय शीतलन उपाय** जैसे- छायांकन, वेंटिलेशन, इन्सुलेशन, ग्रीन रूफ और परावर्तक सतहें तथा शहरी क्षेत्रों में प्राकृतिक स्थिति का पुनः निर्माण करना शामिल है।
    - **निष्क्रिय शीतलन यांत्रिक शीतलन की आवश्यकता** को कम कर सकता है और ऊर्जा तथा उत्सर्जन को बचा सकता है।
- **दक्षता मानक:**
    - एयर कंडीशनर, रेफ्रिजिरेटर और **पंखे जैसे कूलिंग उपकरणों के लिये उच्च ऊर्जा दक्षता** प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं के महत्त्व पर ज़ोर दिया गया है।
        - उच्च-ऊर्जा दक्षता वाले **कूलिंग उपकरणों की ऊर्जा खपत और उत्सर्जन कम हो सकता है तथा उपयोगकर्त्ताओं और उपयोगिताओं** के लिये लागत कम हो सकती है।
- **रेफ्रिजिरेंट्स को चरणबद्ध तरीके से बंद करना:**
    - इसका तात्पर्य **हाइड्रोफ्लोरोकार्बन** (HFC) के बजाय **हाइड्रोकार्बन**, **अमोनिया** या **कार्बन डाइऑक्साइड** जैसे शीतलन उपकरणों

में वैकल्पिक पदार्थों के उपयोग से है, जो शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसें हैं।
    - HFC **सिंथेटिक गैसों** का एक समूह है जिसका उपयोग मुख्य रूप से शीतलन और प्रशीतन के लिये किया जाता है। **"सुपर-प्रदूषक"** के रूप में वर्गीकृत HFC में शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस के गुण होते हैं, जो **कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में सैकड़ों से हज़ारों गुना अधिक गर्मी को रोकने में सक्षम होते** हैं।
    - अपने महत्त्वपूर्ण प्रभाव के बावजूद वे अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक हैं, जिनका औसत **वायुमंडलीय जीवनकाल 15 वर्ष** है।
  - कम-ग्लोबल वार्मिंग क्षमता वाले रेफ्रिजरेंट कूलिंग उपकरणों के प्रत्यक्ष उत्सर्जन को कम कर सकते हैं और **मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल** में **किगाली संशोधन** के तहत HFC को चरणबद्ध तरीके से कम करने में योगदान कर सकते हैं।
  - जलवायु को गर्म करने वाले रेफ्रिजरेंट और एयर कंडीशनिंग को तेज़ी से चरणबद्ध तरीके से बंद करने का आग्रह किया गया है।

## कूलिंग सेक्टर पर ध्यान क्यों दें?

- कूलिंग सेक्टर बढ़ते तापमान से निपटने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, औद्योगिक शीतलन प्रक्रियाओं और उत्पादक अर्थव्यवस्थाओं के परिचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- हालाँकि हस्तक्षेप के बिना शीतलन उपकरणों की बढ़ती मांग से बिजली की खपत और उत्सर्जन में पर्याप्त वृद्धि हो सकती है।
  - **वैश्विक बिजली खपत** में कूलिंग क्षेत्र की **हिस्सेदारी 20%** है।
- यदि वर्तमान नीतियाँ जारी रहती हैं, तो वैश्विक स्तर पर कूलिंग उपकरणों की स्थापित क्षमता तीन गुना हो जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप **वर्ष 2050 तक बिजली की खपत दोगुनी से अधिक** हो जाएगी।
  - इससे **वर्ष 2050** में **4.4 बिलियन से 6.1 बिलियन टन** **कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष ($CO_2e$) का उत्सर्जन** हो सकता है, जो **उस वर्ष वैश्विक अनुमानित उत्सर्जन का 10% से अधिक** होगा।

## सतत् शीतलन/कूलिंग के क्या लाभ हैं?

- निष्क्रिय शीतलन तकनीक और कुशल शीतलन उपकरण उपभोक्ताओं को **वर्ष 2022 से 2050 के दौरान 17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत करवा सकते** हैं।
  - यह अनुमान लगाया गया है कि अधिकतम बिजली आवश्यकताओं को **1.5-2 टेरावाट (TW)** तक कम कर दिया जाएगा, जिससे **बिजली उत्पादन में पर्याप्त निवेश से बचा जा सकेगा।**
- नए उपकरणों में **कम-ग्लोबल वार्मिंग क्षमता वाली प्रौद्योगिकियों** को अपनाने और रेफ्रिजरेंट जीवन चक्र को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने से **वर्ष 2050 में HFC उत्सर्जन को 50% तक कम** किया जा सकता है।
  - पावर ग्रिड को **डीकार्बोनाइज** करने से **क्षेत्रीय उत्सर्जन को 96% तक कम** किया जा सकता है।

## सतत् शीतलन से संबंधित पहलें क्या हैं?

- **वैश्विक:**
  - **नेशनल कूलिंग एक्शन प्लान (NCAPs):**
    - **वर्तमान में भारत सहित 40 से अधिक देशों ने NCAP तैयार किये हैं** और 25 अन्य देश तैयारी के विभिन्न चरणों में हैं।
    - हालाँकि भारत और चीन द्वारा अपने NCAP में कार्यान्वयन तंत्र को शामिल किये जाने के बावजूद कार्यान्वयन धीमा रहा है।
  - **वैश्विक शीतलन प्रतिज्ञा:**
    - 60 से अधिक देशों ने कूलिंग सेक्टर के जलवायु प्रभाव को कम करने की वचनबद्धता के साथ प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किये।
      - 28वें **पार्टियों के सम्मेलन (COP28)** में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय, मेज़बान देश संयुक्त अरब अमीरात एवं कूल कोएलिशन ने **वैश्विक शीतलन प्रतिज्ञा** की शुरुआत की।
  - **किगाली संशोधन को गति:**
    - किगाली संशोधन HFC के उत्पादन और खपत को कम करने के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। इसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक HFC के उत्पादन एवं खपत को 80-85% तक कम करना है।
    - यह संशोधन **ओज़ोन परत का क्षय करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल** का हिस्सा है।
      - इससे 105 बिलियन टन $CO_2$ (एक ग्रीनहाउस गैस) के उत्सर्जन को रोकने की उम्मीद है, जिससे 21वीं सदी के अंत तक वैश्विक तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से सुरक्षा प्राप्त की जा सकेगी।
- **भारत:**
  - इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान
  - ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) स्टार रेटिंग कार्यक्रम